Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to open passport office in Kalyan Parliamentary Constituency, Maharashtra.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): अध्यक्ष महोदय, मैं आज पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र की बात सदन में रखना चाहता हूं । पासपोर्ट आज एक व्यक्ति के सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों में से एक है जो सिर्फ उसकी विदेश यात्रा तक ही सीमित नहीं है । बल्कि उसकी भारतीय नागरिकता का भी सबसे बड़ा पहचान पत्र है । वर्ष 2014 से पहले इस देश में कुल 77 पासपोर्ट केन्द्र थे । उसके बाद वर्ष 2017 में एक ऐतिहासिक निर्णय हुआ, जिसमें विदेश मंत्रालय डाक विभाग के सहयोग से देश के सभी प्रधान डाक घरों में 291 पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया । इसके तहत लगभग हर जिले में कम से कम एक पासपोर्ट केन्द्र होने की बात कही गयी । इसी सदन में केन्द्र सरकार द्वारा दिए गए एक जवाब से यह पता चलता है कि इस साल के जुलाई महीने तक इस देश में 37 पासपोर्ट कार्यालय, 93 पासपोर्ट सेवा केन्द्र एवं 412 पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र कार्यरत हैं । मेरे लोक सभा चुनाव क्षेत्र में डोम्बिवली एमआईडीसी में पासपोर्ट सेवा केन्द्र मंजूर किया गया था, लेकिन पिछले एक साल से वहां सेवा शुरू नहीं हुई है । कारण यह बताया जाता है कि पासपोर्ट सेवा केन्द्र शुरू करने के लिए तीन सौ स्कवेयर फीट जगह जरूरी है, लेकिन मेरे यहां सिर्फ दो सौ स्कवेयर फीट जगह है । इसके लिए मैंने बहुत बार मंत्रालय से पत्र व्यवहार भी किया । मैंने कहा कि एमआईडीसी के पास्ट ऑफिस के आस-पास खाली जगह है, वहां से हमें पांच सौ स्कवेयर फीट की जगह मिल सकती है । एमपीलैड्स से किया जा सकता है या खुद मंत्रालय इसके लिए जमीन बांध दे । मैं आपसे दरख्वास्त करता हूँ कि मेरे चुनाव क्षेत्र में जल्द से जल्द इसकी परमिशन मिले और जल्द से जल्द पास्पोर्ट सेवा केन्द्र शुरू हो ।